मुफ्त स्वास्थ्य जांच शिविर आज

अंबाला सिटी। अंबाला हेल्थकेयर एवं वेलफेयर सोसायटी की ओर से 29 अप्रैल को सुबह 9 से 3 बजे तक शिव गोरख नाथी पॉलीटेक्निक चौड़मस्तपुर में विश्वस्तरीय चिकित्सा सुविधाओं पर आधारित एक विशाल चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जाएगा।

सोसायटी के सचिव एसडी गौतम ने बताया कि हरियाणा बाल कल्याण परिषद की उपाध्यक्ष शक्ति रानी शर्मा के मार्गदर्शन में आयोजित किए जा रहे इस शिविर का उद्घाटन पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं अंबाला शहर के विधायक विनोद शर्मा करेंगे। शिविर में फोर्टिस अस्पताल मोहाली तथा चिल्ड्रन अस्पताल पंचकूला के वरिष्ठ डॉक्टरों की टीम लोगों के स्वास्थ्य की मुफ्त जांच करेगी। उनके साथ नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. पीसी शर्मा और दंत रोग विशेषज्ञ डॉ. सन्नी सिंह आहलुवालिया भी मौजूद रहेंगे। इस दौरान जरूरत के अनुसार मरीजों को मुफ्त दवाएं भी वितरित की जाएंगी। शिविर में हृदय, दिमाग, आंख, दांत, हड्डियों, महिलाओं, बच्चों, चर्म रोग, नाक, कान व गले से संबंधित बीमारियों की जांच की जाएगी। इसके अलावा इको, ईसीजी, शुगर, टीबी, एचबी तथा हड्डियों की कैल्शियम से संबंधित बीएमडी टेस्ट भी किए जाएंगे। गौतम ने बताया कि शिविर में मरीजों को लाने व छोड़ने के लिए हल्लो माजरा से मुजफ्फरा, जगौली से अमीपुर, जैतपुरा से भुन्नी, निहारसी से हुमायूंपुर और मोखा माजरा से सुल्लर रूट पर बसों की मुफ्त सेवा उपलब्ध रहेगी। इसके अलावा 29 अप्रैल को मौके पर भी मरीजों का पंजीकरण किया जाएगा। गौतम के अनुसार सोसायटी की ओर से अब तक 11 मेडिकल शिविरों का आयोजन कर 21 हजार मरीजों की जांच की जा चुकी है।